चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 774
दिनांक : 2/5/23

सर्वोच्च प्राथमिकता/अति आवश्यक

विज्ञप्ति

विषय : एन0ई0पी0 के अन्तर्गत आने वाले पाठ्यक्रमों के बैक पेपर/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की सतत् आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा न कराये जाने के सम्बन्ध में।

संज्ञान में आया है कि महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0ई0पी0 के अन्तर्गत आने वाले पाठ्यक्रमों के बैक पेपर/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं की सतत् आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही हैं और उनके अंक पोर्टल पर अपलोड किये जा रहे हैं।

उक्त के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में निर्धारित नियम के अनुसार जो छात्र/छात्रायें सतत् आन्तरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित हैं अथवा अनुत्तीर्ण हैं इनकी सतत् आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी जानी है। ऐसे छात्र/छात्रायें सैद्धान्तिक परीक्षा हेतु निर्धारित कुल पूर्णांक (विश्वविद्यालय परीक्षा+ सतत् आन्तरिक मूल्यांकन को मिलाकर) के न्यूनतम अंक सैद्धान्तिक परीक्षा में प्राप्त कर उक्त कोड की परीक्षा उत्तीर्ण कर सकते हैं।

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि उक्त से स्वयं अवगत होते हुए छात्र/छात्राओं को भी अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।

02/05/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/समन्वयक रिजल्ट सेल को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. आउट सोर्स कम्पनी मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 को इस निर्देश के साथ कि उक्त प्रयोजन हेतु पोर्टल न खोला जाय।
6. मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ।
7. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)